कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
छिन्दवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस छिन्दवाड़ा (म.प्र.)
Website: www.governmatemedicalcollegechhindwara.com
E-Mail:- deanmedicalcollegechhindwara@gmail.com Phone: 07162-297009

क्रमांक / पैरा.शाखा / सिम्स / 2025 / 1289 छिन्दवाड़ा, दिनांक: 28/01/2025

::शुद्धि पत्र::

संस्था द्वारा पैरामेडिकल पाठ्यक्रम के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2023–24 में प्रवेश हेतु जारी विज्ञापन क्र. / पैरा. शाखा / सिम्स / 2025 / 1004, छिन्दवाड़ा दिनांक 22 / 01 / 2025 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है:–

बिन्दु क्रमांक 01: आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 02 / 05 / 2025 से बढ़ाकर 05 / 02 / 2024 शाम 06 बजे तक की जाती है।

बिन्दु क्रमांक 02(a): प्रथम चक्र आवंटन उपरांत आरक्षित श्रेणी में उपलब्ध रिक्तियों को भरने हेतु निम्नानुसार चक्र का पालन किया जावेगा:–

(क) एस.टी. श्रेणी की खाली सीटों को एस.सी. श्रेणी के आवेदकों द्वारा भरा जावेगा

(ख) एस.सी. श्रेणी की खाली सीटों को एस.टी. श्रेणी के आवेदकों द्वारा भरा जावेगा

(ग) अगर एस.टी. और एस.सी. श्रेणी में आरक्षण के लिए योग्य आवेदक उपलब्ध नहीं है तो रिक्त सीटों को पात्र अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के आवेदकों द्वारा भरा जाएगा।

(घ) यदि पात्र आवेदक उपरोक्त तरीके से तीन आरक्षित श्रेणियों में उपर के चरणों में उपलब्ध नहीं है तो रिक्त सीटों को पात्र अनारक्षित श्रेणी के आवेदकों द्वारा भरा जाएगा।

(ड) ई. डब्ल्यू. एस. की खाली सीटों को अनारक्षित श्रेणी के आवेदकों द्वारा भरा जावेगा।

बिन्दु क्रमांक 02(d): शासकीय कर्मचारियों को नियमित सेवा में होना अनिवार्य है तथा उसकी नियमित सेवा अवधि कम से कम 05 वर्ष तथा सेवानिवृत्ति में 05 वर्ष की समयावधि शेष होना अनिवार्य है, अर्थात् डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने हेतु 07 वर्ष या अधिक एवं प्रमाण पत्र पाठ्यक्रमों में 06 वर्ष से अधिक की सेवा शेष होना अनिवार्य है। विभागीय शासकीय कर्मचारी के लिए उच्चतम आयु सीमा का बंधन नहीं होगा। शासकीय कर्मचारी केवल द्विवर्षीय डिप्लोमा एवं एक वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स हेतु पात्र होंगे। निम्नलिखित अनुक्रम में मेरिट के आधार पर सीट आवंटन की कार्यवाही की जावेगी:–

(क) सर्वप्रथम विभागीय कर्मचारियों हेतु आरक्षित सीटों को शासन नियमानुसार लम्बवत एवं क्षैतिज आरक्षण का पालन करते हुए आवंटन किया जावेगा। विभागीय कर्मचारियों हेतु आरक्षित सीटों के सामेकित संख्या में उम्मीदवार उपलब्ध न होने पर रिक्तियों को ओपन कोटा में उसी वर्ग / श्रेणी में समाहित किया जावेगा।

(ख) तत्पश्चात ओपन कोटा की सीटों पर शासन नियमानुसार लम्बवत एवं क्षैतिज आरक्षण का पालन करते हुए आवंटन किया जावेगा।

बिन्दु क्रमांक 06(a) : आवेदन पत्र शुल्क डिमांड ड्राफ्ट के साथ–साथ Merchant Name-CEODEAN GOVT AUTONOMOUS MEDICAL COLLEGE यूपीआई आईडी (deanmedicalchhindwara@sbi) के माध्यम से भी देय होगी। यूपीआई आईडी के माध्यम से शुल्क जमा करने पर प्राप्त रसीद में संपूर्ण जानकारी जैसे ट्रांजेक्शन आईडी / यूटीआर नं. / यूपीआई नं. एवं प्राप्त कर्ता का नाम वाली रसीद की छायाप्रति को आवेदन पत्र में संलग्न करें।

अधिष्ठाता
छिन्दवाड़ा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

प्रभारी अधिकारी
पैरामेडिकल शाखा सिम्स

Scanned with CamScanner